A-2.1

**परियोजना का नामः— जनपद पिथौरागढ़ में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अर्न्तगत चौबाटी से बरमबचकुड़ी मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 5.409 है0 वन भूमि का ग्रामीण विकास विभाग को प्रत्यावर्तन।**

<u>प्रस्ताव का औचित्य, आवश्यकता एंव विवरण।</u>

भारत सरकार द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों में 250 से अधिक जनसंख्या वाली बसावटों को संयोजित किये जाने हेतु प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना संचालित है। बरमबचकुड़ी की जनसंख्या 706 है अभी तक उक्त बसावट मोटर मार्ग से संयोजित नही है, वर्तमान में यह बसावट मोटर मार्ग से 9.000 किमी0 दूर स्थित है। मोटर मार्ग न होने के कारण ग्रामीणों को विकासखण्ड मुख्यालय, जिला मुख्यालय एंव अन्य नगरों को जाने के लिए पैदल दूरी तय करनी पड़ती है। उक्त बसावट के मोटर मार्ग से संयोजित न होने के कारण छात्रों को जू0हा0 के पश्चात शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई होती है। स्वास्थ्य चिकित्सा उपचार हेतु भी ग्रामीणों को पर्याप्त सुविधा उपलब्ध नही है। उक्त बसावट के संयोजित न होने के कारण ग्रामीणों के रहन—सहन के स्तर में कोई वृद्धि नही हो रही है। अतः उपरोक्त आवश्यकता को देखते हुये एंव भारत सरकार की योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु उत्तराखण्ड़ शासन के शासनादेश संख्या 2491/पी0—3—14/यू0आर0आर0डी0ए0/10 दिनांक 18.03.2010 द्वारा बरमबचकुड़ी बसावट विकासखण्ड़ डीडीहाट को संयोजित किये जाने हेतु उपरोक्त मार्ग की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है।

उक्त मोटर मार्ग का विवरण निम्न प्रकार है—

1— लम्बाई—9.070 किमी0

2— लाभांवित होने वाले ग्रामों की संख्या—5

3— लाभांवित जनसंख्या— 706

4— प्रभावित भूमि का क्षेत्रफल—8.5972 है0

**अ**— आरक्षित वन भूमि— शून्य है0

**ब**— वन पंचायत भूमि— शून्य है0

**स**— सिविल सोयम भूमि— 5.409 है0

**द**— नाप भूमि— 3.1882 है0

5— प्रभावित वृक्षों की संख्या— 392

6— 0—10 एंव 10—20 सेमी0 व्यास के वृक्षों की संख्या— 85

7— क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित स्थल का नाम एंव क्षेत्रफल— बचकुड़ी/10.181 है0

8— मक डिस्पोजल हेतु चयनित स्थलों की भूमि का प्रकार एंव संख्या—

**अ**— नाप भूमि/7

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता, | सहायक अभियन्ता, | अधिशासी अभियन्ता, |
| ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग, | ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग, | ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग, |
| पी0आई0यू0, पी0एम0जी0एस0वाई0, | पी0आई0यू0, पी0एम0जी0एस0वाई0, | पी0आई0यू0, पी0एम0जी0एस0वाई0, |
| डीडीहाट। | डीडीहाट। | डीडीहाट। |